# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

कमांक–प.14(111)RSSB/अर्थना/DOIT/ IA/भर्ती/2023/2624 दिनांक : 19.12.23

## –::संशोधित विज्ञप्ति::–

बोर्ड द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली सभी वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दिये जाने के संबंध में अभ्यर्थी से पुष्टि करवाये जाने हेतु ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक में पाँचवा विकल्प दिये जाने हेतु दिनांक 05.10.2023 को प्रेस नोट जारी किया जा चुका है। बोर्ड द्वारा विभिन्न पदों की भर्ती के लिये वर्ष 2023 में जारी निम्नलिखित विज्ञापनों के कम में आदिनांक तक परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है :–

| क.सं. | भर्ती का नाम | पदों की संख्या | विज्ञापन संख्या/दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | सूचना सहायक सीधी भर्ती – 2023 | 2730 | 01/2023<br>16.01.2023 |
| 2. | कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती – 2023 | 5388 | 02/2023<br>20.06.2023 |
| 3. | संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सीधी भर्ती–2023 | 2058 | 03/2023<br>06.07.2023 |
| 4. | संविदा नर्स सीधी भर्ती–2023 | 1588 | 04/2023<br>06.07.2023 |
| 5. | संगणक सीधी भर्ती–2023 | 583 | 05/2023<br>07.07.2023 |
| 6. | कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती–2023 | 430 | 06/2023<br>10.07.2023 |
| 7. | पशु परिचर सीधी भर्ती–2023 | 5934 | 07/2023<br>06.10.2023 |

अतः बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार निम्नलिखित विशेष निर्देशों को उपर्युक्त सभी विज्ञापनों में अंकित भर्ती परीक्षाओं सहित आगामी समस्त भर्ती परीक्षाओं में लागू किया जाता है :–

1. **प्रत्येक प्रश्न के 05 विकल्प A, B, C, D, E. अंकित रहेगें। उनमें से अभ्यर्थी को केवल एक विकल्प को नीले बॉल पेन से गहरा गोल उत्तरपुस्तिका में सही उत्तर दर्शाने हेतु करना होगा।**
   Each question has five options marked as A, B, C, D, E. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.

2. **प्रत्येक प्रश्न के लिये विकल्पों में से केवल एक विकल्प को भरना आवश्यक होगा।**
   It is mandatory to fill only one of the options for each question.

3. **यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रश्न को हल नहीं किया है तो उसके लिये पाँचवा विकल्प E को गोला गहरा करना होगा। यदि पाँचों विकल्पों में से किसी को भी गहरा नहीं किया जाता है तो ऐसे प्रत्येक प्रश्न के 1/3 अंक घटाये जावेगें।**
   If you are not attempting a question then you have to darken the circle 'E'. If none of the five circles is darkend, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

4. प्रश्न पत्र हल करने के बाद अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने प्रत्येक प्रश्न का एक गोला गहरा भर दिया है। इस हेतु निर्धारित समय के बाद अभ्यर्थी को 10 मिनट अतिरिक्त समय दिया जावेगा।
   After solving question paper, candidate must ascertain that he\she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the question. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.
5. जिस अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नो को किन्ही पाँच गोलों में से गहरा नहीं भरने पर उसे अयोग्य किया जावेगा।
   A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% question shall be disqualifed.

उक्त विशेष निर्देश सभी विज्ञापनों का ही एक भाग माना जाएगा।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव